





नवभारत
भोपाल, सोमवार, 06 अप्रैल, 2026


एक नजर में



### धमकीबाज के खिलाफ दिया पुलिस को आवेदन

**आष्टा.** नगर के पत्रकार जहूर मंसूरी को गल्ला व्यापारी मेहबूब खां द्वारा पूर्व में छपी खबरों से नाराज हो कर एवं हाल ही में इनके चल रहे पारिवारिक विवाद में गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी. जहूर मंसूरी को दी गई धमकी के बारे में जब पत्रकारों को पता चला तो वह थाने पहुंचे और थाना प्रभारी के नाम शिकायत पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की. इस अवसर पर पत्रकार सुशील संचेती, नरेंद्र गंगवाल, बाबू पांचाल, दिनेश शर्मा, कमल पांचाल, श्रीमती किरण रांका, अबरार अली, श्रीमाल मेवाड़ा, जितेन्द्र राठौर, धनंजय जाट,ओंकार सिंह,श्याम शर्मा सलिल,सोनू श्रीवास्तव,इजराइल मंसूरी,प्रवेश शर्मा आदि पत्रकार उपस्थित थे.




### सबके कल्याण की भावना करोगे तो मिलेगा सुख : मुनिश्री

**सीहोर.** सुखी रहे सब जीव जगत के कोई नहीं घबराए ऐसी भावना प्रत्येक प्राणी को करना चाहिए. न तो अपना कोई शत्रु रहेगा न कोई संकट आएगा. शांतिधार करते है तो उसमें सबके कल्याण की भावना करते हैं. हमें अपना सुख पाना है तो ऐसी भावना करना चाहिए. उक्त अमृत वाणी श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सभागार में धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान मुनिश्री ने कहे. उन्होंने कहा कि भगवान के पास कामना लेकर जाओगे तो कुछ नही प्राप्त होता है. पूर्व भव कर्म ही काम आता है .भगवान के दर्शन करने जाओ तो नि: विकल्प होकर जाओ कभी भी भगवान के चरणों में सांसारिक भोगों की कामना नहीं करना चाहिए.



### सीवन नदी में जलकुंभी हटाने का अभियान प्रारंभ

**सीहोर.** शहर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली माँ सीवन नदी के संरक्षण और स्वच्छता के लिए स्थानीय नागरिकों ने एक सराहनीय पहल की है. 'सीवन पुत्र' समूह द्वारा हनुमान फाटक धाम स्थित सीवन नदी में जलकुंभी हटाने का अभियान प्रारंभ किया गया है. समाजसेवी प्रदीप चावड़ा ने बताया कि अभियान के दौरान जलकुंभी निकालने वाले श्रमिकों का स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा श्रीराम नाम का गमछा पहनाकर सम्मान किया गया. इस मौके पर राष्ट्रीय टेबल टेनिस कोच रविंद्र सिंह चौहान, समाजसेवी सुमित ताम्रकार तथा वरिष्ठ अभिकर्ता सतीश कुमार सीठा उपस्थित रहे. अभियान में सीवन पुत्र मुकेश राय, प्रकाश यादव, राजकुमार सोनी, भूरा भैया, प्रदीप चावड़ा और कैलाश चव्हाण सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई.



### नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीराम कथा 9 से

**सीहोर.** आगामी नौ अप्रैल से कंचन विहार विश्वनाथपुरी के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा. कथा का प्रथम आमंत्रण भगवान गणेश को समर्पित करते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर वितरण करते हुए क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की. समिति ने बताया कि लगातार पांचवे वर्ष भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है. इसमें ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के कृपापात्र शिष्य श्री-श्री 108 महंत उद्धवदास महाराज के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा. श्रीराम कथा आगामी 17 अप्रैल तक जारी रहेगी। रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी. उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की है.



### पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने किया टीकाकरण

**सीहोर.** वेटरनरी विभाग द्वारा जिले के ग्राम नीमटोन में पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से सुरक्षित रखने पशुओं का एफएमडी टीकाकरण किया गया तथा रोग की निगरानी के उद्देश्य से प्री-वैक्सीनेशन सैंपल भी एकत्रित किए गए. टीम ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय-समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी. खुरपका-मुंहपका एक संक्रामक वायरल रोग है, जो गाय, भैंस, बकरी एवं अन्य खुर वाले पशुओं को प्रभावित करता है. इस रोग से पशुओं में बुखार, मुंह में छाले, खुरों में घाव तथा दूध उत्पादन में कमी जैसी समस्याएं होती हैं. एफएमडी वैक्सीनेशन इस रोग से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है, जिससे पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रमण फैलने का खतरा कम होता है.

# कटौती से त्रस्त नागरिकों ने किया चक्काजाम

## लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती से परेशान मंडीवासियों का फूटा गुस्सा, डेढ़ घंटे चला प्रदर्शन

- दिन में अनेक बार बिजली कटौती से लोग आक्रोशित
- सीएसपी व विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 अप्रैल. शहर के मंडी क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान नागरिकों का आक्रोश आखिरकार रविवार शाम सड़कों पर उतर आया. कई दिनों से दिन-रात बार-बार हो रही बिजली कटौती से तंग आ चुके लोगों ने माता मंदिर चौराहे पर चक्काजाम कर दिया. इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई.**

विद्युत वितरण कंपनी की अनियमित कार्यप्रणाली ने शहर भर के नागरिकों को परेशान कर रखा है. दिन में कई बार विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं. हाल ही में आए आंधी तूफान के बाद संपूर्ण शहर कई घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा था. इसके बाद भी बिजली की आवाजाही जारी है. इसी तरह मंडी क्षेत्र के रहवासी पिछले कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं. गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है.



**सीहोर.** मंडी क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से तंग लोगों ने चक्काजाम किया. अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया.

खासतौर पर दिन में कई-कई बार घंटों तक बिजली बंद रहने से व्यापार, घरेलू कामकाज और बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है. कटौती से त्रस्त नागरिकों का कहना है कि बिजली वितरण कंपनी बिना किसी पूर्व सूचना के कटौती कर रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

रविवार को हालात तब बिगड़ गए जब दिनभर में कई बार बिजली कटने के बाद शाम को भी आपूर्ति बाधित रही. इससे नाराज मंडीवासियों ने एकजुट होकर माता मंदिर चौराहे पर पहुंचकर चक्काजाम कर दिया. प्रदर्शन के दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी की और बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर की.

प्रदर्शन के कारण चौराहे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ी. सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा और मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. इसके साथ ही विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोगों में बिजली कंपनी के अधिकारियों के प्रति आक्रोश इतना था कि वह सुनने को तैयार नहीं थे, लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप के बाद वह माने. अधिकारियों के आश्वासन के बाद धीरे-धीरे प्रदर्शनकारियों का गुस्सा शांत हुआ और करीब डेढ़ घंटे बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया. इसके बाद यातायात व्यवस्था पुन: सुचारू हो सकी.

### विद्युत कंपनी के अधिकारियों को लिया आड़े हाथ

मौके पर मौजूद नागरिकों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं. उनका कहना था कि यदि मेंटेनेंस या अन्य कारणों से बिजली कटौती की जाती है तो इसकी पूर्व सूचना दी जानी चाहिए, ताकि लोग अपने कामकाज की योजना बना सकें. अचानक होने वाली कटौती से सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है. विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने सफाई देते हुए कहा कि कई बार तकनीकी कारणों और मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली कटौती करनी पड़ती है.उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि सूचना के अभाव में लोगों को परेशानी होती है. अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगे से कटौती की पूर्व सूचना देने का प्रयास किया जाएगा और बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुधारने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे.

### गत वर्ष भी किया था लोगों ने चक्काजाम

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी इसी समस्या को लेकर मंडी क्षेत्र के नागरिकों ने चक्काजाम किया था, जिसके बाद कुछ समय के लिए स्थिति में सुधार हुआ था. लेकिन एक बार फिर से हालात पहले जैसे हो गए हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है. अब देखना होगा कि प्रशासन और बिजली कंपनी अपने आश्वासन पर कितना खरा उतरते हैं और मंडी क्षेत्र के नागरिकों को इस समस्या से कब तक राहत मिलती है.

### एकलव्य टीम ने यंग स्टार को हराया



**सीहोर.** बीएसआई मैदान पर स्व. राजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को दो मुकाबले खेले गए थे. पहला मुकाबला एकलव्य क्रिकेट टीम ने यंग स्टार को आठ विकेट से दूसरे मुकाबले में डीसीए ने आईपीसीए को 17 रन से हराया.पहले बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार ने 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 125 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकलव्य टीम ने विजय लक्ष्य 12.5 ओवर में आठ विकेट से जीता. इसमें अमित शर्मा ने 28 गेंद पर 54 रन, आशीष ने 26 रन, मयंक जैन ने 23 रन और जितेन्द्र जायसवाल ने 18 रन बनाए थे. डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि एक अन्य मुकाबले में डीसीए ने आईपीसीए को 17 रन से हराया। इस मैच में डीसीए ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 160 रन बनाए थे. इसमें मोहनिश त्रिवेदी ने 48 रन, वीरेन्द्र वर्मा ने 30 रन, सेमसन ने 27 रन, वेदांत ने 10 रन और अभिषेक ने 16 रन की पारी खेली. लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईपीसीए की टीम सात विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी.

### विकासखंडों में आज से लगेंगे पुस्तक मेले

**सीहोर.** निजी स्कूलों एवं स्टेशनरी दुकानों की मोनापाली को खत्म करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को उचित मूल्य पर पुस्तकें, स्टेशनरी एवं यूनिफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों में 6 से 9 अप्रैल तक विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाएगा. कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर के एमएलबी स्कूल, आष्टा के शासकीय संदीपनी स्कूल, इछावर के शासकीय संदीपनी स्कूल, बुधनी के शासकीय संदीपनी स्कूल और भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में 6 से 09 अप्रैल तक प्रात: 10 बजे से शाम 06 बजे पुस्तक मेले आयोजित किए जाएंगे.

# नियमों में उलझी चना खरीदी, 30 मार्च से होना थी शुरुआत

- चना व मसूर की खरीदी के लिए बनाए जिले में 7 केन्द्र
- क्यूआर कोड आने के बाद और बढ़ेगी खरीदी केन्द्रों की संख्या

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 अप्रैल.** जिले में 30 मार्च से प्रस्तावित चना खरीदी इस बार नई गाइडलाइन और बदले सिस्टम के कारण अटक गई है. प्रशासन द्वारा 7 खरीदी केंद्र तय किए जाने और किसानों के स्लॉट बुक होने के बावजूद खरीदी शुरू नहीं हो सकी है. बताया जा रहा है कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर चना खरीदी नए और डिजिटल सिस्टम के तहत की जाएगी, जिसके चलते प्रक्रिया में देरी हो रही है.

इस बार गोदाम स्तर पर खरीदी व्यवस्था को समाप्त कर मंडियों के माध्यम से ही खरीदी करने का निर्णय लिया गया है. केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत जारी नई गाइडलाइन में खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल, बायोमेट्रिक आधारित और निगरानी में रखा गया है, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी या बिचौलियों की भूमिका खत्म की जा सके. नई व्यवस्था के अनुसार किसानों की पहचान अब आधार-सक्षम पीओएस मशीन या फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए ही होगी. पहले इस्तेमाल होने वाला ओटीपी आधारित सत्यापन पूरी तरह बंद कर दिया गया है. हालांकि जिले में अभी भी केंद्र स्तर पर खरीदी की तैयारी चल रही है और 10 नए केंद्र खोलने पर भी विचार किया जा रहा है. इस वर्ष चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5875 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. जिले में लगभग 11 हजार किसानों ने चना बेचने के लिए पंजीयन कराया है, जबकि करीब 3.5 हजार किसानों ने मसूर के लिए पंजीयन करवाया है।

सरकार ने किसान उत्पादक संगठन और किसान उत्पादक कंपनियों को भी खरीदी में शामिल करने की अनुमति दी है. हालांकि इसके लिए सख्त शर्तें तय की गई हैं. संबंधित संगठन केवल एक ही खरीदी केंद्र संचालित कर सकेगा, उसके पास कम से कम 300 सदस्य होना अनिवार्य होगा और वह केवल उसी क्षेत्र में खरीदी कर सकेगा जहां उसके सदस्य मौजूद हैं.

### बायोमेट्रिक से किसान का प्रमाणीकरण

नई गाइडलाइन के तहत किसान की पहचान खरीदी केंद्र पर आधार आधारित पीओएस मशीन या मोबाइल एप से चेहरे के प्रमाणीकरण द्वारा की जाएगी. यदि किसान स्वयं उपस्थित नहीं हो पाता है, तो उसे अधिकृत तीन व्यक्तियों के नाम और आधार नंबर देना होंगे. उन व्यक्तियों का भी फेस वेरिफिकेशन किया जाएगा और भुगतान सीधे किसान के खाते में किया जाएगा. पट्टेदार और किरायेदार किसान भी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर इस योजना का लाभ ले सकेंगे.

### केन्द्र पर प्रत्येक बोरी पर लगेगा क्यूआर कोड

कृषि विभाग एके उपाध्याय के मुताबिक खरीदी के बाद प्रत्येक बोरी पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा, जिसमें किसान और उसकी उपज से जुड़ी पूरी जानकारी दर्ज होगी. बावजूद इसके, खरीदी कब से शुरू होगी, इसको लेकर स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आई है. इस बीच गेहूं खरीदी भी आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल से शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है.

### महायज्ञ के पूर्व निकलेगी भव्य कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 अप्रैल.** शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आगामी 26 अप्रैल से पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा.

इसकी शुरुआत 25 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से आयोजित की जाएगी. प्राचीन मंदिर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक, महंत राघव दास महाराज, पंडित पूनम चंद्र व्यास आदि के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. मंदिर परिसर में महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है. गत दिनों यज्ञशाला का भूमि पूजन के अलावा ध्वजारोहण विधि-विधान से किया गया था. संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल से आरंभ होने वाले पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की संपूर्ण तैयारियां चल रही है. 25 अप्रैल को पूजन, कलश यात्रा दोपहर तीन बजे आरंभ की जाएगी. इसके अलावा 26 अप्रैल को पंचांग पूजन सुबह आठ बजे मंडप प्रवेश आदि का आयोजन किया जाएगा। 30 अप्रैल को दोपहर बारह बजे आहुति के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा.

# टीईटी परीक्षा के विरोध में संयुक्त मोर्चा हुआ लामबंद

- बैठक में आगामी आंदोलन को लेकर बनाई रूपरेखा
- आगामी आठ अप्रैल को करेंगे जिला स्तर पर आंदोलन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 अप्रैल.** शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीइटी) को अनिवार्य किए जाने के विरोध में अध्यापक संयुक्त मोर्चा की एक बैठक संपन्न हुई.

बैठक में शिक्षकों की एक सूत्रीय मांग टीइटी परीक्षा का विरोध विषय पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए परीक्षा अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है.




इससे शिक्षकों में असंतोष का माहौल है .बैठक में आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की रणनीति भी तय की गई. इसके तहत 8 अप्रैल को जिला स्तरीय आंदोलन, 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय आंदोलन तथा 18 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय महा आंदोलन आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया. बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने सभी शिक्षक साथियों से अपील की कि आगामी आंदोलनों में भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दें.

बैठक में मोर्चा के जिला संयोजक संजय सक्सेना, विश्वजीत त्यागी, सतीश त्यागी, राजेंद्र सिसोदिया, शिवनारायण गौर, सवाई सिंह परिहार, मुकेश कुशवाह,प्रदीप नागिया, चंदर सिंह ठाकुर, इन्दर सिंह ठाकुर, राजेश राठौर, हेमन्त मालवीय, महेश मालवीय,लक्ष्मण सिंह मालवीय, घनश्याम सिंह कुशवाह, मुबारिक खान,धर्मेन्द्र कुमार मालवीय कालीचरण वर्मा, जितेन्द्र कलमोदिया, राजेंद्र परमार,यशपाल राठौर, चंद्रप्रकाश शर्मा, किरण कसौटिया, अभिलाषा बैरागी आदि मौजूद थे.

सराहनीय पहल | भाजपा स्थापना दिवस पर विधायक सुदेश राय ने 15 ग्राम पंचायतों को सौंपे फाइटर टैंकर

# राष्ट्रहित, जनसेवा और सबका विकास पार्टी के लिए सर्वोपरि

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 अप्रैल.** रविवार को विधायक सुदेश राय ने 15 ग्राम पंचायतों में जनता को पीने का पानी उपलब्ध कराने और आग बुझाने के काम में आने वाले फाइटर टैंकरों का वितरण किया. विधायक सुदेश राय ने फाइटर टैंकर की मोटर चलाकर पानी के प्रेशर को देखा.

विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में भाजपा के झंडों के साथ ट्रैक्टर और फाइटर टैंकर रैली के रूप में विधायक कार्यालय से अटल चौक, बड़ा बाजार, पान चौराहा, कोतवाली चौराहा, इंग्लिशपुरा, भोपाल नाका होते हुए गांव रवाना हुए.




कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय ने विधायक विकास निधि से स्वीकृत पेयजल फाइटर टेंकरों का वितरण किया. फाइटर टेंकरों को प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायतों के पंच सरपंच सचिव एवं ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सासंद आलोक शर्मा, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के जनहितैशी प्रयासों के साथ हम जनता की सेवा कर रहे हैं. विधानसभा क्षेत्र में अरबों रुपए के विकास कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं. ग्रामीण जनता को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है.

कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने विधायक विकास निधि से विधानसभा क्षेत्र जनपद पंचायत सीहोर अन्तर्गत ग्राम पंचायत चांदबड जागीर,छतरपुरा, पीलूखेड़ी,घाटपलासी,कचनारिया,मानपुरा,मगरदा,सुआखेड़ी,पडियाला,बमूलिया,दोराहा,बरी,नाईहेडी,बराड़ीकलां,जमोनिया तालाब और ग्राम पंचायत सेमरादांगी को निश्शुल्क पेयजल के लिए एचडीपीई लाईंड जी.आई. वाटर टेंकर क्षमता 5500 लीटर विथ पॉवर पम्प सहित खरीद कर प्रदान किए गए हैं. इस प्रकार कुल 38,64,675 रुपए के फाइटर टेंकरों का वितरण किया गया.

कार्यक्रम में भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, सीताराम यादव, रिंकू जायसवाल,सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, प्रीतम गौर, गोविंद पाटीदार, एलम सिंह दांगी, सरपंच राकेश मेवाड़ा, बद्री प्रसाद गौर, बृजकिशोर मीना, उमाशंकर दांगी, कमल लोधी, राकेश वर्मा, जगदीश गुर्जर, मोहन मीणा, बलवीर दांगी, द्वारका प्रसाद वर्मा, ओमप्रकाश गौर, राम सिंह गौर, रामनारायण मेवाड़ा आदि उपस्थित रहे.

### अग्निवीर भर्ती आवेदन की तिथि बढ़ी

**सीहोर.** भोपाल में स्थित सेना भर्ती कार्यालय द्वारा अग्निवीर भर्ती वर्ष 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया को बढ़ाकर 10 अप्रैल तक कर दिया गया है. आवेदन से संबंधित किसी परिवर्तन की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी. वहीं ऑनलाइन परीक्षा 1 से 15 जून के बीच आयोजित की जाएगी, ि यह भर्ती प्रक्रिया मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे अशोकनगर, बैतूल, भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्ना, रायसेन, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा सहित संबंधित क्षेत्रों के स्थायी निवासियों के लिए आयोजित की जा रही है.